पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या छात्रावास, क्लास रूम, प्रयोगशाला एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

लखनऊ : 04 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रावास, क्लासरूम, प्रयोगशाला, किचन, और नवनिर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की सुविधाओं का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र:
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080

लवकुश छात्रावास